NT>

Title: Need to conduct a CBI enquiry into the results declared by Uttar Pradesh Public Service Commission since 1996 and also the functioning of the Commission.

श्री धर्म राज सिंह पटेल (फूलपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं पूरे सदन का ध्यान उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में हो रही अनियमितताओं की तरफ आकृट करना चाहता हूं। अभी पंजाब लोक सेवा आयोग और महाराट्र लोक सेवा आयोग के कारनामों को आपने अखबारों में पढ़ा है और टेलीविजन पर देखा है कि किस तरीके से वहां भ्रटाचार किया गया है।

उसी तरह से उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में भी भारी मात्रा में भ्रटाचार किया जा रहा है। जो लड़के योग्य हैं, जिन्होंने ज्यादा नम्बर पाए हैं, उनका चयन न करके स्केलिंग पद्धित लागू करके नम्बर कम किए जा रहे हैं। जिन लड़कों को ज्यादा नम्बर मिले हैं, उनके नम्बर कम किये जा रहे हैं और जिनको कम नम्बर मिले हैं, उनके नम्बर ज्यादा किये जा रहे हैं। इतना ही नहीं, जिन लड़कों ने परीक्षायें दी हैं, उनको जीरो नम्बर दिए जा रहे हैं। मनमाने ढंग से परीक्षाफल घोाित किया जा रहा है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इन परीक्षाओं के परीक्षाफल को घोाित करने पर रोक लगा दी है। इन परीक्षाओं में जो लड़के बैठे थे, वे दो महीने से हड़ताल पर बैठे हुए हैं। मैं सरकार से मांग करता हूं कि 1996 से अब तक के परीक्षा परिणामों की सीबीआई से जांच कराई जाए और आयोग के अध्यक्ष व परीक्षा नियन्त्रक द्वारा किए जा रहे कामों की जांच कराई जाए।